आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 23.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के 100 निकायों में मतदान शांतिपूर्ण जारी। दोपहर 12 बजे तक लगभग 25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- राज्य में मतदान के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों की संख्या में पिछले साल नवंबर के दौरान 14 लाख 63 हजार की वृद्धि।
- एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर देहरादून में किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया।

मतदान

प्रदेश के 100 निकायों में आज सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण जारी है। दोपहर 12 बजे तक प्रदेश में लगभग 25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। बागेश्वर जिले में 26 दशमलव 5–9 प्रतिशत और चमोली जिले में औसत 25 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के लिए राज्य में 1 हजार 515 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और कुल बूथों की संख्या 3 हजार 394 है। करीब 30 लाख 29 हजार मतदाता कुल 5 हजार 405 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा और मतगणना 25 जनवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने निकाय चुनाव में निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि राज्य में निकाय चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के 11 नगर निगमों में मेयर के लिए 72 उम्मीदवार और 89 नगर पालिका, नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 445 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इसके अलावा सभी निगम, पालिका, पंचायतों में सदस्य और पार्षद पद के लिए कुल 4 हजार 888 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

मतदान पौड़ी

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अन्य जिलों में मतदान के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में विजय कॉलोनी बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, उत्तरकाशी में 97 वर्षीय गंदर्फ सिंह ने पुरोला नगर पालिका में मतदान किया। हरिद्वार में 14 नगर निकाय के लिए आज सुबह मतदान धीमी गति से शुरू हुआ, लेकिन बाद में इसमें तेजी आने लगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मेंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने की अपील की है।
उधर, नगर पालिका पौड़ी में चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही मतदान केंद्रों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सभी आयु वर्ग के मतदाता सुबह से ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। पौड़ी के सी.ओ अनुज कुमार ने बताया कि मतदान के दौरान सुरक्षा के चाक–चौबंद बंदोबस्त किए गए हैं।
बागेश्वर जिले में एक नगर पालिका और दो नगर पंचायतों में निकाय चुनाव के लिए आज सुबह 8 बजे से शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

<u>प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पराक्रम दिवस कार्यक्रम 2025' में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। उन्होंने नेताजी की प्रेरणा से देश को एकजुट रखने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, "नेताजी ने आजाद हिंद फौज के जरिए देश की आजादी का सपना देखा। तब स्वराज के लिए एकजुट होना था, आज विकसित भारत के लिए एकजुट रहना है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि हम 21वीं सदी को भारत की सदी कैसे बनाते हैं।"

उन्होंने नेताजी की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की शुरुआत और दिल्ली के लाल किले में नेताजी को समर्पित संग्रहालय की स्थापना का जिक्र भी किया। इस वर्ष का पराक्रम दिवस ओडिशा में नेताजी की जन्मभूमि पर भव्य रूप से मनाया जा रहा है।

<u>ईपीएफओ</u>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष नवम्बर के दौरान 14 लाख 63 हजार की वृद्धि हुई हैं। इनमें 18 से 25 वर्ष तक के नए सदस्यों की संख्या चार लाख 81 हजार है। नए सदस्यों में महिलाओं की संख्या लगभग दो लाख चालीस हजार है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के अनुसार यह वृद्धि रोजगार के अवसरों में बढोतरी और संगठन के आउटरीच कार्यक्रम की सफलता से हुई है।

<u>एमडीडीए</u>

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम से लेकर एयरपोर्ट तक प्राधिकरण की ओर से किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे करने के निर्देश दिए।

श्री तिवारी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि देशभर से आने वाले खिलाड़ी उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति से भी परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि पहले भी जी–20 और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान, प्राधिकरण ने शहर को सजाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

जायजा

उत्तराखण्ड आलेम्पिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत पिथौरागढ़ जिले के श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, लेलू में आयोजित हो रही बॉक्सिंग प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं के लिए आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। आयोजन स्थल में सड़क, बिजली, पानी, और पार्किंग सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। श्री नेगी ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देशभर से पुरूष और महिला बॉक्सर, प्रशिक्षक, और स्पोर्टिंग स्टाफ के सदस्य 28 जनवरी तक पिथौरागढ़ पहुंच जाएंगे।

समीक्षा

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के संबंध में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु ने नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में खेल स्थलों की तैयारी, सुरक्षा, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने के लिए विशेष योजना तैयार की गई। नोडल अधिकारियों ने खेल आयोजन से जुड़ी चुनौतियों को प्रस्तुत किया, जिनका समाधान बैठक के दौरान किया गया। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों समेत खेल निदेशक और देहरादून के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

यूसीसी

प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए "समान नागरिक संहिता अधिनियम– 2024" लागू करने जा रही है। यह अधिनियम राज्य के सभी निवासियों पर लागू होगा, चाहे वे राज्य के भीतर रह रहे हों या बाहर। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार यह कानून न केवल विवाह प्रक्रिया को सरल बनाएगा, बल्कि इसे अधिक पारदर्शी और जनहितैषी भी बनाएगा। हालांकि, संविधान के अनुच्छेद 342 और 366(25) के तहत अधिसूचित अनुसूचित जनजातियों और संरक्षित प्राधिकार/अधिकार–प्राप्त व्यक्तियों व समुदायों पर यह अधिनियम लागू नहीं होगा। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य विवाह संबंधी कानूनी प्रक्रियाओं को सरल, सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाना है। यह कानून व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।

गणतंत्री दिवस

76वीं गणतंत्र दिवस परेड के दौरान देश की विविधता और सांस्कृतिक समावेशिता को दर्शाने वाली विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों की कुल 26 झांकियां तैयार की गई हैं। इस बार झांकियों का थीम है– 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास'।

परेड में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ–साथ 10 मंत्रालयों और विभागों की अनूठी थीम वाली झांकियां शामिल होंगी। परेड में, मौसम विभाग भी पहली बार अपनी झांकी निकालेगा।

सकल घरेलू उत्पाद

देश के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2030 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था का बीस प्रतिशत योगदान होगा। इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा कल जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022–23 में राष्ट्रीय आय में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान ग्यारह दशमलव सात चार प्रतिशत था, जो तेजी से बढ रहा है।